हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 अप्रैल 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 लापरवाही बरतने, सही जानकारी नहीं देने वाले...



07 श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ शिखर पर...



### ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष चढ़ाई जाती थी पशु बलि

# मां चामुंडा की प्रतिमा दिन में बदलती है तीन स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा नगर प्राचीन देव स्थानों के लिए प्रसिद्ध है। पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के नाम से इस नगर की ख्याति देश-विदेश में भी फैल रही है। नगर में मां कालिका का मंदिर भी है, जो वृहन्नला द्वारा बनवाया गया है, मां चामुंडा का मंदिर भी है जहां स्थित प्रतिमा दिन में तीन स्वरूप बदलती है। सुईगांव में मां चौसठ योगिनी मंदिर व गुदरावन के बालाजी हनुमान मंदिर पर नवरात्रि के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमड़ती दिखाई दे रही है।

नगर के मध्य स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के अहाते में मां चामुंडा देवी का अति प्राचीन मंदिर स्थापित है। माना जाता है कि यह विराजित माता की मूर्ति दिन में तीन स्वरूप बदलती है नवरात्रि के दिनों में यहां विशिष्ट हवन-अनुष्ठान के आयोजन भक्तों द्वारा किए जाते हैं। ग्वालियर रियासत काल में मां की मूर्ति के समक्ष पशु बलि चढ़ाई जाती थी, जो वर्तमान में बंद हो गई है। मां चामुंडा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मन्नत मां के समक्ष मानते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर विशेष श्रृंगार व प्रसादी आदि की भेंट चढ़ाते हैं। नगर का अति प्राचीन व चमत्कारी स्थल शासन की उपेक्षा व आर्थिक मदद न मिलने से भक्तों द्वारा ही इस स्थान पर निर्माण करवाया गया है।



#### कालका माता मंदिर जहां भक्तों की मन्नत होती हैं पूर्ण

नगर के नयापुरा मोहल्ले में मां कालिका व केवड़िया स्वामी भैरव बाबा का मंदिर स्थित है यहां निःसंतान दंपतियों की कामना मां के आशीर्वाद से पूर्ण होती है। इस स्थान पर नवरात्रि पर्व में भक्तों की श्रद्धा मां के दर्शनों के लिए उमड़ती है। नगर की वृहन्नला प्रेमबाई ने मंदिर का निर्माण करवाया है मंदिर में मां कालिका देवी की आकर्षक प्रतिमा के साथ केवड़ा स्वामी की मूर्ति विराजमान है। कहते हैं कि यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। संतान प्राप्ति की कामना लेकर यहां दूरदराज से कई श्रद्धालु आते हैं वृहन्नला प्रेमबाई निःसंतान दंपतियों की गोद भराई की रस्म करवाती है मुराद पूरी होने पर मां के चरणों में भैंट समर्पित की जाती है।

#### मां चौसठ योगिनी का चमत्कारी स्थल

नगर से करीब 9 किलोमीटर दूर आमला मार्ग पर स्थित ग्राम सुईगांव के समीप जंगल में मां चौसठ योगिनी देवी का सैकड़ों वर्ष प्राचीन स्थान है। इस स्थान को चमत्कारी माना जाता है मंदिर के अग्रभाग में पीपल का प्राचीन वृक्ष भी स्थित है जिस पर चोटी है इसके आसपास एक चबूतरा बना हुआ है। कहा जाता है कि इस वृक्ष की तीन परिक्रमा लगाने से मनोवांछित इच्छा पूर्ण होती है। इस मंदिर पर आए दिन कई चमत्कार देखने को मिलते हैं। नवरात्रि के दौरान उक्त मंदिर पर आसपास के ग्रामों के साथ नलखेड़ा के भक्तों का दर्शनार्थ तांता लगा रहता है।

#### 'पुष्प गिरा तो मनोकामना पूर्ण'

नलखेड़ा-आमला मार्ग पर नगर से 2 किमी दूर ग्राम गुदरावन में हनुमानजी की प्राचीन प्रतिमा स्थित है इस स्थान को बावड़ी वाले हनुमानजी के नाम से पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। यहा पर वेसै तो भक्तों की भीड़ लगी ही रहती है। लेकिन नवरात्रि पर्व के दिनों में इस मंदिर पर भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि यहां पर आने वाले भक्त जब हनुमान प्रतिमा के समक्ष कोई मनोकामना की इच्छा प्रकट करते हैं। यदि हनुमान प्रतिमा से पुष्प जब नीचे गिरता है तो यह माना जाता है कि भक्त की मनोकामना अवश्य ही पूर्ण होगी। इस मंदिर पर भी आए दिन कई चमत्कार के किस्से सुनने को मिलते हैं।

## कमला सागर में होगा एटीएल कम्युनिटी दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत सरकार के नीति आयोग अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत 15 अप्रैल से 20 अप्रैल तक देशभर में अटल टिंकरिंग लैब संचालित करने वाले विद्यालयों के माध्यम से एटीएल कम्युनिटी दिवस मनाने जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से 10 लाख से अधिक छात्र छात्राओं को अटल टिंकरिंग लैब में सिखाये जाने वाले रोबोटिक्स, ऑडरिनो, सेंसर्स, कोडिंग एवं इंजीनियर स्कील से परिचित करवाया जाएगा। स्थानीय कमला सागर विद्यालय में इस आयोजन के अंतर्गत 18 एवं 19 अप्रैल को एटीएल कम्युनिटी दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली छात्र-छात्राओं को अटल टिंकरिंग लैब में विभिन्न रोबोटिक्स, ऑडरिनो कोडिंग एवं इंजीनियर स्किल को सिखाया जाएगा।

विदित है कि कमला सागर विद्यालय में नगर की एकमात्र अटल टिंकरिंग लैब का संचालन भारत सरकार के सहयोग से किया जा रहा है जिसके माध्यम से प्रतिवर्ष विद्यालय के छात्र छात्राएं राष्ट्रीय स्तर, प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का गौरव बड़ा रहे हैं। विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ एवं प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने सभी स्कूली छात्र छात्राओं को इस आयोजन में भाग लेकर अपने तकनीकी ज्ञान में अभिवृद्धि करने का आग्रह किया है।

## खेत पर रखी साढ़े तीन लाख की लहसुन बदमाश ले उड़े

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम हिरणखेड़ी में एक किसान द्वारा अपने खेत में जमा कर रखे 62 बोरी लहसुन को अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। किसान द्वारा पुलिस थाने में दिए गए चोरी के आवेदन में चोरी गए माल की कीमत 3.50 लाख बताई गई है। ग्राम हिरणखेड़ी के किसान गिरजा शंकर पिता बाबूलाल पाटीदार ने पुलिस थाना नलखेड़ा पर दिए गए एक आवेदन में बताया कि गांव के पास वाले खेत पर लहसुन की 62 बोरी भरकर बेचने के लिए रखे गए थे तथा पास में ही मेरे पिताजी सो रहे थे 15 अप्रैल की रात्रि 1 से 2 के बीच में अज्ञात बदमाशों द्वारा खेत पर रखी उक्त लहसुन की बोरियां चुरा कर ले गए जिसकी कीमत 3 लाख 50 हजार है। किसान ने बताया कि चोरी का पता रात्रि में 3 बजे जब उसके पिताजी ने उठकर देखा तब लगा। किसान ने उक्त चोरी गए लहसुन की बोरियों का पता लगाकर कार्रवाई की मांग की।

**किसान ने पुलिस में दिया चोरी का आवेदन**

## चैत्र नवरात्र की दुर्गा अष्टमी पर हुआ यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नवरात्र के पावन पर्व पर नगर के पचलाना रोड ठाकुर मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज देवी मठ में चैत्र नवरात्रि के चलते 51 शाक्ति पीठ मां हिंगलाज देवी मठ मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक मां हिंगलाज देवी का श्रंगार कर पूजन अर्चन की जाती है। चैत्र नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी एवं महाष्टमी पर मां हिंगलाज देवी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंगलवार सुबह 10: 30 बजे पंडित प्रेमनारायण त्रिवेदी द्वारा यज्ञ प्रारंभ करवाया गया जिसकी करीब 12:30 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। हवन के बाद मां हिंगलाज देवी की ढोल नगाड़े के साथ महाआरती पुजारी आशीष चतुर्वेदी द्वारा की गई। आरती के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।





## चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे

**नलखेड़ा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिए अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग, प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये, भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली, प्रदर्शित फोटो, मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जाएंगे।

### जब्त शुदा चावल 109.35 क्विंटल का विक्रय के लिए नीलामी 23 को

**सीहोर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा ने जानकारी दी कि प्रकरण क्र.8 एवं प्रकरण क्र 13 में न्यायालय कलेक्टर सीहोर द्वारा पारित आदेश के तहत जप्तशुदा चावल 88.85 एवं 20.50 क्विंटल कुल 109.35 क्विंटल की खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23 अप्रैल 2024 को समय दोपहर 12 बजे **MPWLC** कार्यालय शासकीय गोदाम क्रमांक 04 पानी की टंकी के पास कन्नौद रोड आष्टा में उपस्थित होकर भाग ले सकते है।विस्तृत जानकारी एवं शर्ते के लिए खाद्य शाखा तहसील आष्टा, जिला सीहोर में कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सीहोर की तेज गेंदबाज यामनी का मध्यप्रदेश टीम की ट्रायल में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज यामनी सिंह का चयन अंडर-15 मध्यप्रदेश टीम की ट्रायल के लिए चयन किया गया है। गत दिनों नर्मदापुरम के अलावा अन्य प्रतियोगिता में अपनी गेंदबाजी का जलवा बिखरने वाली यामनी शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। मात्र 11 साल की आयु में ही तेज गेंदबाजी करने वाली यामनी ने अपना लक्ष्य हासिल करना शुरू कर दिया है। उनके कोच सहित अन्य का अनुभव उनके साथ है।

इस संबंध में डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि बहुत ही कम उम्र में ही अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत यामनी ने भोपाल में प्रदेश की करीब 250 बच्चियों के ट्रायल कैंप में सटीक गेंदबाजी का परिचय देते हुए मध्यप्रदेश की अंडर-15 के ट्रायल में स्थान पक्का किया है। इंदौर के होलकर मैदान में 16 अप्रैल से दो दिवसीय इस शिविर में वह 50 खिलाड़ियों में शामिल है। उसकी इस उपलब्धि पर सीहोर विधायक जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, पीपीसीए के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, सचिन वर्मा आदि ने बधाई है।



### सामुदायिक भोज में शामिल होने पर उम्मीदवार का खर्च जुड़ेगा

**सीहोर।** चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी भी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जाएगा। इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा। आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किए जाने जाने वाले ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा।

### पशु आहार संयंत्र के सुरक्षाकर्मियों से हो रही अवैध वसूली

## सुरक्षा अधिकारियों और मैनेजर पर मनमानी करने का आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

**सीहोर।** सीहोर से करीब पांच किमी दूर इंदौर-भोपाल राजमार्ग पर स्थित पशु आहार संयंत्र मनमानी का केन्द्र बना हुआ है। संयंत्र में काम करने वाले सुरक्षा गार्डों के वेतन सालों से तीन हजार रुपए महीने अवैध वसूली की जा रही है। सुरक्षा गार्डों ने इसकी शिकायत पांच दिन पहले कलेक्ट्रेट में की है, लेकिन अभी उनकी सुनवाई नहीं हुई है। इससे सुरक्षा गार्डों के समक्ष रोजी रोटी का संकट बन गया है। संयंत्र बीते करीब एक सप्ताह से बिना सिक्युरिटी के काम कर रहा है। यहां के सुरक्षा कर्मियों ने सुरक्षा अधिकारी और मैनेजर की मनमानी से तंग आकर अपनी वर्दियां टांगकर काम बंद कर दिया है। पचामा संयंत्र के गार्ड हर महीने की अवैध वसूली से यह लोग तंग आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसी के मालिक व संयंत्र मैनेजर से शिकायत के बाद भी कोई लाभ नहीं होने पर सुरक्षा कर्मियों ने यह कदम उठाया।



#### कई सालों से चल रही अवैध वसूली

पशु आहार संयंत्र में सुरक्षा के लिए एक सिक्यूरिटी सर्विस के दर्जन भर से अधिक गार्ड तैनात किए गए है। इन गार्डों को प्रतिदिन 411 रूपए के हिसाब से वेतन दिया जा रहा है, जो 26 दिन कार्य करने पर 10 हजार छह सौ रुपए होते हैं। इन गार्डों ने कलेक्ट्रेट की शिकायत में आरोप लगाया कि प्रतिमाह वेतन में से संयंत्र पर तैनात सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रति गार्ड से तीन हजार रुपए तक की वसूली की जाती है। लंबे समय नाममात्र के वेतन पर काम करने वाले सुरक्षाकर्मियों का सब्र जवाब दे गया तो उन्होंने अपनी वर्दियां कार्यालय में जमा करते हुए काम बंद कर दिया। जिसके चलते दस एकड़ से अधिक के रकबे में स्थित पचामा पशु आहार संयंत्र की सुरक्षा खतरे में आ गई है। इधर, गार्डों के सामने अब रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी हेमंत मालवीय का कहना है कि 2 साल से ज्यादा सिक्योरिटी में एक ही स्थान पर गार्ड को नहीं रखा जा सकता है इसलिए उनका ट्रांसफर भोपाल दुग्ध संघ किया जा रहा है तो झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।



**मां बगलामुखी का स्वर्ण श्रृंगार किया**

**नलखेड़ा।** बगलामुखी माता मंदिर पर चैत्रीय नवरात्रि के दौरान भक्तों की आस्था उमड़ रही है। मंगलवार को नवरात्रि की अष्टमी को माता रानी का मनोहरी रूप में स्वर्ण श्रृंगार किया गया। इस दिन भी देश सहित प्रदेश के कई स्थानों से हजारों की संख्या में माता भक्त मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए तथा मनोकामना पूर्ति के लिए हवन अनुष्ठान कराए।

### पार्किंग स्थल के लिए भूमि अधिग्रहण करना जरूरी, नवरात्रि के दौरान आ रही परेशानी

## मां बगलामुखी मंदिर पर वाहन पार्किंग की समस्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि के दिनों, रविवार व अन्य अवकाश के दिनों में बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की एक बड़ी समस्या है। इसके लिए स्थानीय व जिला प्रशासन को तत्काल मंदिर से लगी निजी भूमियों का अधिग्रहण करने के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने चाहिए। भूमि अधिग्रहण के बाद ही इस समस्या का स्थाई निदान संभव है। चैत्र नवरात्रि के दौरान माता मंदिर आने वाले भक्तों को अपने वाहनों की पार्किंग के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मां बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि एवं दोनों गुप्त नवरात्रि के साथ ही प्रमुख त्यौहार, रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में दर्शनार्थियों की संख्या 25 हजार से एक लाख के पार तक रहती है। चूंकि मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने के लिए एक मात्र सड़क मार्ग ही उपलब्ध है ऐसे में अधिकांश दर्शनार्थी निजी चौपहिया वाहनों से पहुंचते हैं। मां बगलामुखी मंदिर के समीप एक छोटा पार्किंग स्थल है जहां आम दिनों में वाहन खड़े रहते हैं लेकिन उक्त विशेष दिनों में या तो यह पार्किंग स्थल बहुत ही छोटा सिद्ध होता है या प्रशासन द्वारा यहां वाहन पार्किंग बंद कर दी जाती है। ऐसे में प्रशासन को हर बार ईदगाह के सामने निजी भूमि पर पार्किंग व्यवस्था करना पड़ती है।



नवरात्रि के दौरान आने वाले रविवार अथवा किसी अवकाश के दिन यह पार्किंग भी छोटी पड़ जाती है जैसा कि इसी रविवार को हुआ। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जहां बाहर से आए दर्शनार्थियों को अपने वाहन खड़े करने में समस्या आती है वहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भी अन्य स्थान पर पार्किंग बनाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इस रविवार भी पुलिस थाना प्रभारी शशि उपाध्याय व पुलिस स्टॉफ पार्किंग स्थल के लिए परेशान होते दिखाई दिए और अन्यत्र तीन चार स्थानों पर वाहनों को पार्किंग की व्यवस्था की गई। जिसमे भक्तों को समस्या का सामना करना पड़ा। मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की यह समस्या वर्षों से है। चैत्री नवरात्रि में भक्तों की संख्या शारदीय नवरात्रि की बनीसबत कम होती है, ऐसे में जब चैत्रीय नवरात्रि में ही पार्किंग व्यवस्था कम पड़ गई तो आने वाली शारदीय नवरात्रि में पार्किंग व्यवस्था के क्या हाल रहेंगे इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है।

ज्ञात रहे कि ग्राम गुदरावन से बायपास मार्ग पर लखुंदर नदी पर जो पुलिया का निर्माण होना है वह भी ईदगाह के आसपास से निकलना है। ऐसे में बायपास से मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए जिन सर्वे नंबरों की भूमि की आवश्यकता है उनके अधिग्रहण के प्रस्ताव बनाकर तत्काल शासन को भेजे जाने चाहिए, क्योंकि आने वाले वर्षों में वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह समस्या विकराल स्वरूप ले सकती है।

**खबर संक्षेप**

### जिले के 37 व्यक्तियों ने मरणोपरांत नेत्रदान संकल्प पत्र भरे

**देवास।** जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति रतलाम द्वारा संचालित आरोग्य प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आभा शर्मा, पं. विजय शर्मा, जावरा उप कार्यालय प्रभारी ठा. युवराज सिंह राणावत, संयोजक अब्बास बोहरा देवास जिले मे एक दिवसीय यात्रा पर आये और मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प पत्र मोबाइल से माध्यम से 37 व्यक्तियों द्वारा भरवाया। संस्था के सदस्यों द्वारा जगह जगह जाकर नेत्रदान के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नेत्रदान की प्रकिया को समझाया जा रहा है गर्मी मे मृत्यु उपरांत 6 घण्टे और सर्दी मे 8 घण्टे के अन्दर नेत्रदान हो जाना चाहिए। आपके कार्निया दान करने से दो व्यक्तियों के जीवन मे प्रकाश फैलता हैं।

### चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक कर सकेंगे व्यय

**देवास।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई किसी रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के चुनाव प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे।

## कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन, मतदान केंद्रों, स्कूलों, आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

# लापरवाही बरतने, सही जानकारी नहीं देने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने दिए निर्देश





**एफएलएन की जानकारी नही देने पर दो शिक्षक और दो जन शिक्षक का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। एफएलएन की सही जानकारी देने पर बसु राठौर की प्रशंसा, आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रमिला गुर्जर को बच्चों के लिए अच्छा कार्य करने पर दी बधाई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बागली विकासखण्ड के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों, स्कूलों, मतदान केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बागली आनंद मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गुप्ता ने बागली विकासखण्ड में निरीक्षण के दौरान ग्राम टिल्याखेडी में ग्रामीणों से चर्चा की और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने ग्राम टिल्याखेडी में कान्हा सरकार वेयरहाउस और श्यामा चरण शर्मा वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक अंकिता पंचोली का एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए। परिवहन चालान और किसानों को उपार्जन भुगतान संबंधी निर्देश दिये। ग्राम टिल्याखेडी में शासकीय प्राथमिक विद्यालय टिल्याखेडी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक सुरेश कुमार माली और जन शिक्षक मुरली नागर द्वारा एफएलएन की जानकारी नहीं देने पर कलेक्टर ने एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये।

कलेक्टर गुप्ता ने ग्राम टिल्याखेडी में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अच्छे कार्यो के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रमिला गुर्जर की प्रशंसा की। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान शिक्षक ओमिता पाठक और जन शिक्षक रमेश शर्मा द्वारा एफएलएन संबंधी जानकारी नहीं देने पर एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिये। विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक एक भी विद्यार्थी नहीं होने पर प्रिंसिपल रविंद्र मालवीय को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर गुप्ता ने प्राथमिक शाला के विद्यार्थी शंकर भोला से चर्चा की और एफएलएन संबंधी प्रश्न पूछे, जिस पर विद्यार्थी ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए।

एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय चापड़ा में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं समय रहते करने के निर्देश दिये। अध्यापिका बसु राठौर से एफएलएन की जानकारी ली, अच्छे पढाने पर बसु राठौर को बधाई दी। विद्यार्थी विक्रम ओम से चर्चा की और एफएलएन संबंधी प्रश्न पूछे, जिस पर विद्यार्थी विक्रम ओम ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिये।

# कुएं की मुंडेर नहीं बनाने पर भूमि स्वामियों पर एफआईआर हुई दर्ज

**जनपद पंचायत बागली में हुई कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में खेतों की मेड़ पर कुआं निर्मित किया जाता है लेकिन उसकी मुंडेर नहीं बनाई जाती है। ऐसे भूमि स्वामियों को चिन्हित कर उन पर धारा 188 व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। इसी के तहत जनपद पंचायत बागली के ग्राम बोरपड़ाव में भूमि स्वामी सुखलाल पिता जमाल और रूमाल पिता जमाल, ग्राम चन्दूपुरा में भूमि स्वामी राजेश पिता लक्ष्मीनारायण और गीता बाई पति नारायण मीणा तथा ग्राम बोरखाल्या में भूमि स्वामी गणेश बिसन और तुकाजी पिता हुरकी पर कार्रवाई करते हुए धारा 188 एवं अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

### होटल, ढाबों पर कार्रवाई कर 5 प्रकरण किए दर्ज

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त कन्नौद के कांटाफोड, बिजवाड़ एवं सतवास क्षेत्र के होटल/ढाबों और किराना दुकानों की सघन चेकिंग कर कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अवैध मदिरा जप्त कर कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही में 03 गत्ते की पेटी में 85 पाव देशी प्लेन मदिरा तथा 06 बीयर जप्त की गई। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 6850 रूपए है। आबकारी विभाग दल द्वारा वृत्त देवास शहर में होटल, ढाबों पर सर्चिंग की गई जिसमें 35 लीटर हाथ भट्टी एवं 400 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में 02 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए, जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 47 हजार रूपए है। कार्यवाही में राजकुमारी मंडलोई, प्रेम यादव, राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, किशोर सिसोदिया, कैलाश जामोद, आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री शामिल थे।

## ग्राम टिगरिया छोटा और उदय नगर में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत




देवास, ग्राम टिगरिया छोटा और उदय नगर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया गया।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दोवास

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।


मतदाता जागरुकता अभियान के तहत ग्राम पीपलरावां में मतदाताओ से शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मताधिकार का उपयोग करते हुए शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह किया गया।

### रामाश्रय में महाआरती व विशाल भंडारा आज



**देवास।** धर्म-जनसेवा और सामाजिक दायित्व की त्रिवेणी रामाश्रय परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। रामाश्रय ट्रस्ट के संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल ने बताया कि मक्सी रोड़ सौरभ डेयरी के सामने स्थित रामाश्रय मंदिर बिलावली में रामनवमी के पावन पर्व पर 17 अप्रैल, बुधवार को भगवान श्री रामचन्द्र जी की महाआरती दोपहर 12 बजे होगी। तत्पश्चात विशाल भण्डारा प्रारंभ होगा। समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि, अधिक से अधिक संख्या में पधारकर महाआरती एवं भोजन प्रसादी का लाभ लेवें।

# प्रभु श्री राम ने नगर भ्रमण कर जाना जनता का हाल





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर चापड़ा में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री राम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का कार्यक्रम पाटीदार समाज धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा ने कहा कि, जीवन को साकार बनाना है, तो राम नाम भजना चाहिए, जिसने राम नाम भज लिया उसका जीवन धन्य हो गया, जिस तरह फसल को पकने में समय लगता है,उसी तरह प्रभु कि कृपा पाने में भी समय लगता है,इसलिए भक्ति करते रहो समय आने पर प्रभु कि कृपा अवश्य ही मिलेगी। इस का उदहारण सबरी कि भगती है,सबरी को भी बहुत इंतजार करना पड़ा था,तब जाकर प्रभु कुटिया में आये थे। इसी के चलते मंगलवार के दिन कार्यक्रम के छठवें दिन प्रभु श्री राम एवं श्री राधा कृष्ण ने नगर भ्रमण कर जनता का हाल जाना। नगर भ्रमण चल समारोह श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुआ, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए, पुनः राम मंदिर पहुंचा, जहां पर चल समारोह का समापन हुआ। इस से पुर्व में यज्ञाचार्य ऋषिराज शर्मा, अरूण शर्मा, दीपक शर्मा, बृजेश शर्मा व्दारा मंत्र उच्चारण के साथ सभी यजमानों व्दारा प्रतिमाओं का जलाभिषेक कराया गया। चल समारोह के दौरान पूरा नगर राम मय हो गया। भगवान श्री राम का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर के डाक्टर पी.के मजुमदार, मोना मजुमदार, विष्णु यादव,यादव समाज, श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति,जैन समाज सहित सभी समाज जनों ने स्वागत किया। इस दौरान प्रभुश्री राम की भक्ति में पूरा नगर लीन नजर आया। चल समारोह में बड़ी संख्या में नगरवासी व महिलाएं सम्मिलित हुई, जो कि श्री राम के भजनों पर झूमते हुए नजर आ रही थी। मंगलवार कि आरती का लाभ दयाराम यादव, मदनदास वैष्णव, अरूण वैष्णव, मनोहर लाल यादव, विष्णु मुन्नालाल यादव कि ओर से आरती की गई। भंडारे का आयोजन भी किया गया। नप बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव, बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव, प्रवीण चौधरी,डा जेसी यादव,कमल यादव व्दारा कथा वाचक का साल श्रीफल से अभिनंदन किया गया।मंदिर के शिखर पर कलश स्थापित करने कि बोली का आंनद शर्मा मुकुंदगढ़ ने 2 लाख 15 हजार में लाभ लिया। श्री राम दरबार प्रथम दर्शन कि बोली का लाभ 71 हजार में जनपद सदस्य संगीता राजेश दुग्गड ने लाभ लिया। राम दरबार कि प्रथम आरती का 75 हजार में डा जेसी यादव ने लाभ लिया। नवनिर्मित श्री राम मंदिर में बुधवार नवमी पर श्री राम दरबार एवं श्री राधा कृष्ण मूर्ति कि प्राण प्रतिष्ठा होगी।

# अमलतास अस्पताल ने मरीज की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास अस्पताल के चिकित्सक जटिल व चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में एक ऐसे घायल मरीज की जान बचाई, जिसकी भीषण सड़क दुर्घटना में गर्दन की नसें कट गई थी एवं जबड़े की हड्डी भी टूट गई।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मरीज माखन बिते दिनो भीषण सड़क हादसे का शिकार हुए थे। अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से टक्कर लगने से माखन बाइक से गिरकर रैलिंग से टकराया, जिससे उनकी गर्दन में इतनी गंभीर चोट आई कि सांस की नली के साथ ही मांसपेशियों व खून की नसें कट गई। अमलतास अस्पताल के कुशल चिकित्सकों पर विश्वास रखकर परिजन तुरंत अमलतास अस्पताल लेकर आए। यहां इमरजेंसी विभाग में नाक, कान, गला विभाग के अंतर्गत मरीज को भर्ती किया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने सीधे ओटी में ट्रेकियोस्टोमी सर्जरी कर साँस की नली में ट्यूब डालकर मरीज को साँस लेने के लिए रास्ता बनाया एवं सर्जरी कर साँस की नली को एवं गले की सभी मांसपेशियों को फिर से जोड़ा गया। लगभग साढ़े तीन घंटे में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजय करकरे, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंशुल शर्मा, डॉ. सुरभि, डॉ. आयुष, एनीस्थीसिया विभाग डॉ. शिखा, डॉ. पूजा, पूरी टीम द्वारा इस सर्जरी को अंजाम देकर मरीज को नया जीवन दिया गया। डॉक्टर्स ने बताया, कि यह सर्जरी तुरंत करना आवश्यक थी। अगर मरीज को लाने में देरी होती तो मरीज की जान भी जा सकती थी। अमलतास के चेयरमैन मयंक राज सिंह द्वारा बताया गया की पूरे ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत स्थिर बनाने में डॉक्टरों की कुशलता और विशेषज्ञता दोनों ही जरूरी थी, जिसे चिकित्सको की टीम एवं एनीस्थीसिया के डॉक्टरों ने संभव बनाया।

## सात दिवसीय श्रीराम कथा को साध्वी ऋतुंभरा की शिष्या साध्वी सत्यप्रिया कर रही संबोधित

# पुण्य उदय होने पर कथा श्रवण करने का सौभाग्य जागता है: दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पैरों में भले फटे जूते हो मगर सर पर सतगुरू की कृपा होगी तो आप महाराजा है। जहां गुरू की कृपा संत का मिलन होता है वहां अंतस का विचार बदल जाता है। गुरू कैसा भी हो शिष्यत्व पूरा होगा तभी ज्ञान और अध्यात्म की चेतना जाग्रत होगी। गुरू की कृपा से नारायण को प्राप्त करने की दृष्टि प्राप्त होती है। सतकर्म से पुण्य उदय होता है। संतों की कृपा से ज्ञान प्राप्त होता है। जानकारी किसे से भी मिल सकती है किंतु ज्ञान सतगुरू के चरणों में बैठकर ही प्राप्त होता है।

जीवन सत्संग और कथा मनोरंजन का साधन नहीं आत्मरंजन का साधन है। किसी को पाने के लिए दूर जाना पड़ता है, परंतु पाने के लिए उसे जानना पड़ता है। वह सर्व व्यापक है, आकाश दूर नहीं है जहां देखोगे वहां आकाश है। भगवान का अर्थ है भ से भूमि, ग से गगन, अ से अग्नि, वा से वायु, न से नीर ये पंच तत्व ही परम तत्व है। ये परम तत्व हमारी आत्मा में है। इसे जिसने जान लिया उसने परमात्मा को जान लिया। उस चित्त को जाग्रत करने के लिए गुरू की कृपा प्राप्त करना होती है। भगवान राम के नाम की महिमा है कि कलि काल में जिसने राम का नाम लिया समझना वहां हनुमान मौजूद थे। भगवान का नाम व्यक्ति के कलमश को धोता है। तुलसीदास जी ने कहा है कि कलियुग केवल नाम अधारा। सतयुग में भगवान को प्राप्त करने के लिए बहुत तपस्या करना पड़ती थी तब जाकर भगवान के दर्शन की अनुभूति होती थी, किंतु कलियुग में तो केवल भगवान का नाम स्मरण करने से ही भव सागर पार किया जा सकता है। प्रभु राम की कृपा और गुरू के आशीर्वाद तभी प्राप्त होते हैं जब प्रभु श्रीराम की कथा को श्रवण करने का सौभाग्य जागता है।

यह आध्यात्मिक विचार चैत्री नवरात्रि पर कैलादेवी मंदिर में प्रारंभ हुई श्रीराम कथा के दौरान महान आध्यात्मिक प्रवक्ता ऋतुम्भरा दीदी मां की परम शिष्या साध्वी सत्यप्रिया दीदी ने श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर आध्यात्मिक चित्रण के साथ कहे। बालकांड में गुरू की महिमा का सुंदर वर्णन करते हुए आपने राम कथा के श्रवण करने वाले श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। व्यासपीठ की पूजा दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग, जयेश गर्ग, प्राची गर्ग, हितेष गर्ग एवं परिवार ने की। साध्वी सत्यप्रिया का स्वागत संयोजक रायसिंह सेंधव, रमण शर्मा, देवकृष्ण व्यास, वीणा महाजन, पिंकी पंवार, विनोद अग्रवाल, अजय अग्रवाल इंदौर, नितिन गुप्ता, सौरभ सचान, दिनेश सांखला ने किया। कथा के एक दिन पूर्व कैलादेवी मंदिर चौराहा एबी रोड पर साध्वी सत्यप्रिया दीदी का भव्य स्वागत कर मंदिर समिति एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य कलश यात्रा के साथ कैलादेवी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली।

# हाईवे मार्ग पर भमोरी के समीप मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर भमोरी फाटे के समीप सड़क किनारे एक मृत युवक का शव मिला।पु लिस चौकी प्रभारी उपेंद्र नाहर ने बताया कि मंगलवार कि सुबह इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग सड़क किनारे एक युवक की लाश पड़े हुए होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो, युवक की मौत हो चुकी थी। युवक के सिर में गहरी चोट लगी हुई है। नाहर ने बताया कि प्रथम दृष्टि में सड़क हादसे के दौरान युवक की मौत का होने का अनुमान लगाया जा रहा है। युवक के पास से किसी भी प्रकार के कोई कागज या मोबाइल कुछ नहीं मिला है, ना ही उसकी पहचान हो पाई है। उपेंद्र नाहर , आरक्षक भूपेंद्र बर्मन ने युवक के शव को वाहन में रखवा कर शासकीय अस्पताल बागली भेजा। सोशल मीडिया के माध्यम से युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टि में तर्क लगाया जा रहा है कि युवक को किसी वाहन ने टक्कर मारी है, जिससे उसकी मौत हो सकती है। हालांकि पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

**खबर संक्षेप**

### रामनवमीं पर नगर में निकलेगी शौर्य यात्रा

**आष्टा।** रामनवमी के पावन पर्व माँ पार्वती की नगरी में 17अप्रैल दिन बुधवार को सैंधव क्षत्रिय राजपूत युवा संगठन, शौर्य समिति आष्टा के तत्वावधान में नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान राम की झांकी और शौर्य यात्रा निकलेगी जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चूकी हैं. अध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकुर ने बताया कि गायत्री मन्दिर आष्टा से रामनवमी पर भव्य शौर्ययात्रा यात्रा निकलेगी. जो अस्पताल तिराहा से होते हुए खत्री मार्केट, राम मंदिर, गल चौराहा, कुम्हार मोहल्ला, कॉलोनी चौराहा, सेमनरी रोड़ से होते हुए सैंधव समाज के छात्रावास में समाप्त होगी. ततपश्चात भगवान राम की आरती और स्नेहभोज का आयोजन किया जाएगा।

### चुनाव प्रचार में 95 लाख तक व्यय कर सकेंगे

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। श्री राजन ने कहा है कि रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, हैण्डबिल, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रैली आयोजन के लिए किराये/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा।

### कुशवाहा समाज राधा कृष्ण-मंदिर में मना रहा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ शिखर पर स्थापित किया कलश





### यज्ञाचार्य नगर पुरोहित सहित विप्रजनों के सानिध्य में सनातन वैदिक परंपरा के तहत प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के काछी पुरा में स्थित प्राचीन जीर्णोद्धार श्री राधाकृष्ण, श्री राम दरबार, शिवलिंग, लवकुश भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा के महोत्सव मनाया जा रहा है। छठे दिवस पर मीडिया प्रभारी बलराम कुशवाहा ने बताया की प्रातःकाल समय पर मूर्तियों की प्रतिष्ठा के पूर्व कलश को यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रों से पूजन के पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा कराकर कलश को जुलूस के रूप में जीर्णोद्धार मंदिर पर गाजे बाजे के साथ लाया गया। उसके पश्चात यज्ञाचार्य नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक सहित विप्रजनों के सानिध्य में सनातन वैदिक परंपरा के पश्चात शिखर के लाभार्थी परिवार हुकुम कुशवाहा, अक्षय कुशवाहा, राहुल कुशवाहा सहित परिवार जनों के द्वारा स्थापित किया गया। गगनभेदी उद्घोषों के मध्य भक्तजन इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित हुए और ऐतिहासिक व धार्मिक कार्यक्रम में पुण्य के भागी बने।

#### गोवर्धन पर्वत के महत्व का किया वर्णन

पंच कुण्डीय श्री हरिहर यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण के पंचम दिवस कथाव्यास पं.डॉ दीपेश पाठक ने गोवर्धन की पुजा की दिव्य कथा को विस्तार पूर्वक सुनाई।



जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। बालकृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा व इंद्र के मन मर्दन की दिव्य कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर भगवान गिरिराज जी को छप्पन भोग के दर्शन कराए गए। उन्होंने यह भी बताया कि जहां सत्य और भक्ति का समन्वय होता है वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। कथा के दौरान सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसे सुनकर भक्तों को झूमने और नृत्य करने को विवश कर दिया। तत्पश्चात छप्पन भोग के दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भागवत कथा के दौरान नागरपालिक अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मीना सिंघी, जिला महिला भाजपा अध्यक्ष ऋतु जैन, पार्षद रवि शर्मा, पार्षद अंजनी चोरसिया, विजयलक्ष्मी उपाध्याय, तेजसिंह राठौड़, पूर्व पार्षद भगवत मेवाडा, विशाल चोरसिया, प्रजापति ब्रह्मकुमारी दीदीजी, जीएल नागर, रामेश्वर खड़ेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती कमल पांचाल, कमल ताम्रकार, रितेश सोनी पांचम, शिव मेवाडा, सुनील मेवाडा, नबीलाल प्रजापति, मारवाड़ी महिला मंडल, श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने कथाव्यास का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया। उक्त धार्मिक आयोजन में माताए-बहने सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। साथ ही कुशवाहा समाज द्वारा कुशवाहा समाज के वरिष्ठजन और दानदाताओ का भी स्वागत किया गया।

# भोपाल नाके पर दोपहर में घंटों तक लगा रहा जाम

### दिन में नाले की सफाई करने से बिगड़े हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार को दोपहर 4 बजे बाद भोपाल नाके पर लंबा जाम लग गया कन्नौद मार्ग पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर लंबी वाहनों की लाइन लग गई जाम के कारण चारों ओर वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दे की भोपाल नाके पर चार दिनों से नाला चौक है जिसके चलते गंदा पानी चौराहे पर बह रहा है नगर पालिका आज जाकर जागी और सुधार कार्य शुरू किया लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार या भूल गए कि यहां चौराहा अतिव्यस्ततम है और सफाई कार्य रात में करना था। जैसे ही आज 4 बजे जेसीबी की मदद से नाले की सफाई कार्य शुरू किया वैसे ही चारों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई देखते ही देखते भोपाल नाके से कॉलोनी चौराहा तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई ऐसा ही कुछ हाल पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर दरगाह तक वाहनों की लाइन लग गई, इस दौरान यात्री बस वालों को भी परेशानी उठाना पड़ी करीब डेढ़ घंटे के जाम से पूरे शहर वासी परेशान रहे।

#### रात में या सुबह करना था नाले की साफ-सफाई

दरअसल भोपाल नाके पर चार रोड निकलते हैं ऐसे में इस चौराहे पर ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव है। इस बात का नगर पालिका के जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं रखा नाले की सफाई कार्य दोपहर में ही शुरू कर दिया जबकि रात में या फिर सुबह से करना था।

#### मार्ग के दोनों और के नाले की सफाई जरूरी

दरअसल भोपाल नाका पर नाला व पुलिया चौक हुई थी उसका मुख्य कारण कन्नौद मार्ग के दोनों और के नाले चौक होना है। कन्नौद मार्ग पर अदालत से लेकर भोपाल नाका तक के दोनों ओर के नाले चौक हैं दोनों नालों में मलबा भरा हुआ है आज जो सफाई हुई उससे कुछ नहीं होता है अगर नगर पालिका ने दोनों नालों की सफाई नहीं कराई तो फिर से नाला चौक हो सकता है। इसलिए सबसे पहले नगर पालिका के जिम्मेदारों को कन्नौद मार्ग के कॉलोनी चौराहा से लेकर भोपाल नाका तक के दोनों और के नालों के लिए सफाई अभियान चलाना पड़ेगा अगर नालों के मालबा हट जाएगा तो यहां परेशानी नहीं आएगी । साथ ही शहर के 18 वार्डों में ही नाले नालियों के लिए नगर पालिका को एक विशेष सफाई अभियान चलाना चाहिए क्योंकि अभी तो कन्नौद मार्ग के नालों की समस्या सामने आई बुधवारा सहित अन्य कई वार्ड में भी यह समस्या बनी हुई है।

#### पुलिस ने संभाली कमान

जैसे ही आज कन्नौद मार्ग पर भोपाल चौराहे पर जाम की सूचना पुलिस को मिली वैसे ही एसडीओपी आकाश अमलकर खुद पहुंचे और पुलिस जवानों ने चारों मार्ग पर व्यवस्था संभाल कर आधे घंटे में ही जाम खुलवाया एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि नगर पालिका को नल की सफाई का कार्य रात में करवाना था यहां तक कि हमें सूचना तक नहीं दी जबकि आज मंडी भी चालू है ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव है। नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया है कि चार-पांच दिनों से नाला चौक था। इस कारण नाले की सफाई अत्यधिक जरूरी थी गंदा पानी और कचरा सड़क पर बह रहा था जिससे सबको परेशानी उठानी पड़ रही थी।



# स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट में 200 बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

शासन की योजना अंतर्गत शारीरिक दक्षता के आधार पर विद्यार्थी उपयुक्त खेल का चयन कर इसी क्षेत्र में वह अग्रसर हो इसके लिए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीहोर जिले के श्यामपुर तहसील के रेड रोज हायर सेकेंडरी स्कूल अहमदपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अहमदपुर संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले अहमदपुर तिनोनिया चरनाल और बरखेड़ा हसन के अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों के 8 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों का स्पोर्ट्स टेलेंट टेस्ट लिया।

जिसमें अधिक से अधिक बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया। आयोजित हुए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट में शासकीय विद्यालयों के करीब 200 बच्चों ने भाग लिया और इस आयोजन की मॉनिटरिंग हेतु संयुक्त संचालक भोपाल श्रीमती शर्मिला बरोक द्वारा समस्त गतिविधियों का अवलोकन करते हुए। इसको खेल एवं युवा



कल्याण विभाग की टीम द्वारा बच्चों के फिजिकल टेस्ट लिया गया।

#### बच्चों का लिया स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट

जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक भोपाल से मॉनिटरिंग पर आई श्रीमती शर्मिला बरोक ने बताया कि स्कूली बच्चों का स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट जो चल रहा है। कितने बच्चे आ रहे हैं किस प्रकार हो रहा है कैसे फिटनेस है बच्चों में रुचि किस प्रकार है कितने टेस्ट से यह गुजर रहे। इन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। आयोजित हुए स्पोर्ट्स टैलेंट टेस्ट कार्यक्रम के दौरान निर्धारित दल से संयुक्त संचालक भोपाल से शर्मिला बारिक से रत्ना जगेशा, नीरज दोहरे, राजेंद्र सिंह दांगी, हेमेंद्र गुप्ता विजय सिंह चौहान इकबाल कुरैशी सहित संकुल केंद्र अहमदपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षक गण मौजूद रहे।

### मरीह माता मंदिर पर आज किया जाएगा भंडारा

**सीहोर।** शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व जाएगा। इस मंदिर में गुप्त नवरात्रि के अलावा चैत्र और शरदीय सभी नवरात्रि को विशेष हवन पूजन का आयोजन किया जाता है। सोमवार को भगवान शिव की भक्ति के साथ शक्ति की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने यज्ञाचार्य पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में यज्ञ में आहुतियां दी, वहीं उसके पश्चात पंडित सुनील कुमार पाराशर के मार्गदर्शन में 151 पार्थिव और 12 ज्योर्तिलिंगों का निर्माण कर पूर्ण विधि-विधान से पूजा की गई। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। मंगलवार महाष्टमी पर कन्या भोज के अलावा रात्रि बारह बजे महानिशा आरती के अलावा बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पंडित पाराशर ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग की पूजा से पहले श्री गणेश, भगवान विष्णु, नवग्रह और देवी पार्वती की आराधना करना चाहिए। शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, आंकड़ा आदि समर्पित करें। कच्चे गाय के दूध से शिवलिंग का अभिषेक करें। पंचमेवा, पंचामृत, मिठाई, फल, धतूरा, भांग आदि का भोग लगाएं और अंत में बाबा भोलेनाथ की आरती उतारें। शिव पुराण के मुताबिक, पार्थिव शिवलिंग के पूजन से जीवन में आ रही कई समस्याओं का समाधान होता है। इसके अलावा मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिलती है। पार्थिव शिवलिंग को लेकर पौराणिक कथा है कि कलयुग में सबसे पहले कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने पार्थिव शिवलिंग की पूजा शुरू की थी।

# कलश यात्रा के साथ पहाड़ी पर स्थित शीतला माता मंदिर में आठ दिवसीय यज्ञ और मेला आरंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर क्षेत्र के ग्राम कजलास में प्राचीन सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेले का आयोजन प्रारंभ हो गया है। जो कि 15 अप्रैल से 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर समापन किया जाएगा। इसी के साथ ही रोजाना रात्रि में कथा का आयोजन किया जाएगा। मेले का शुभारंभ मां शीतला के प्रांगण में नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया।

# भाजपा जावर मंडल ने मनाई बाबा साहब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा आज नगर के मुख्य चौराहे पर संविधान रचयिता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई इस अवसर पर मंडल के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष और राजेंद्र केशव ने बाबा साहब के जीवन पर अपनी बात रखी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब की जन्मस्थली पर भव्य स्मारक बनाया गया और उनके विचारों की प्रदशनी लगाई गई ये सब भाजपा की सरकार में हुआ है।

अबकी बार 400 बार का नारा लगाते हुए सभी को भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा में प्रचंड जीत का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर के मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि



मनोज वेद, बंटी राठौर, वीरेंद्र सिंह, कैलाश मालवीय, राजेंद्र सिंह सैंधव, सुनील लोधी, कृपाल सिंह ठाकुर, अजय सिंह सेठ ,विजेंद्र सिंह ठाकुर, योगेश भावसार ,राजेश शर्मा ,पवन मालवीय, सुरेन्द्र भाटी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### दिगंबर जैन किला मंदिर पर विराजित गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के शिष्य

# वचनों तक ही सीमित न रहे, आपस में मिलकर रहना सीखें: मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अभी जो भी पर्व आ रहे है उनको भी सार्वजनिक से जोड़ना है । जब हम आगे रहकर इन पर्वों को मनाएंगे तो आने वाली पीढ़ी भी उन पर्वों को मनाएंगे।ये पर्व थकने के नहीं थकान मिटाने के लिए आते हैं। मानसिक थकान, शारीरिक थकान को कम करने के लिए आते हैं। प्रभु और गुरु की प्रभावना अकेले में नहीं सब को साथ लेकर होती है। भीड़ से मतलब नहीं रखना नीड से मतलब रखों।कम संख्या होने से पर्व की महिमा कम नहीं होती,भाग्यहीन को नहीं मिले भली वस्तु का योग।

आष्टा में दसलक्षण पर्व में इतने बड़ी रूप में मनाया जा रहा है, सराहनीय है। आपके पुण्य के भाव से जो कार्य सम्पन्न होने जा रहा है, इसका भरपूर लाभ लें। दो दिनों में उत्तम क्षमा , उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की है । वह वचनों तक ही सीमित न रहे,आपस में मिल कर रहना सीखें। यह बातें नगर के श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला



मंदिर पर विराजित गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने चैत्र मास के दसलक्षण महापर्व के अवसर पर आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि हमेशा अनुकूलता बनाकर रखें,बिखरे नहीं मिल कर रहे।दो दोस्त तो दस दुश्मन भी मिलेंगे। हम अपने व्यवहार से भाषा से मिलकर ही हर कार्य को बड़े अच्छे ढंग से करना है। दसलक्षण धर्म का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है मुनि सागर महाराज ने कहा दसलक्षण धर्म का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म है।ज्ञानावर्जन करा रहे हैं। सबसे पहले आसमान को नहीं मिट्टी को देखें। आसमान से पानी बरसता है।

मिट्टी में जन्मे हैं और मिट्टी में ही मिलना है। बारिश में मिट्टी की सुगंध आती है। मिट्टी में कई गुण है, जिसमें विनम्रता प्रमुख हैं। मान नहीं रखें, कभी भी अभिमान नहीं करें।मुनि सागर महाराज ने कहा कि मार्दव धर्म को अपनाएं। सभी को लेकर चलें। अहंकार नहीं करें, मृदु बने। अपने परिवार व समाज में लघु बनकर रहोगे तो आपको बहुत सम्मान मिलेगा,लघु होने की शिक्षा मार्दव धर्म से मिलती है। भावों का खेल है, साधना है। मैं और मेरे,हम में अंतर है।दो पंखों से ही पक्षी उड़ता है। मैं में अहंकार आता है। निर्मल भाव रखें। व्यक्ति खाली हाथ आया है और खाली हाथ जाना है। प्रभु की कृपा से सबकुछ है, भावों में मैं नहीं आना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अबू धाबी के लिए चयनित हुए शुभम वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्राम खड़ी हाट का नाम अब होनहार खेल प्रेमियों के कारण कुश्ती, मार्शल आर्ट जैसे खेलों में भी हो रहा है। खड़ी हाट का प्रतिनिधित्व शुभम वर्मा अब विदेशों में करने जा रहे हैं। कोच विजेंद्र खरसोदिया, रोहिणी कलम के सानिध्य में पूरे जिले के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। खड़ी हाट निवासी हरिसिंह वर्मा के पुत्र शुभम वर्मा का चयन एशियन गेम्स अबू धाबी के लिए हुआ है। 1 से 8 मई तक आयोजित होने वाले एशियाई चौंपियनशिप के अंतर्गत जू जित्सू 2024 में भारत का नेतृत्व शुभम वर्मा करेंगे। इस खुशी के अवसर पर बजरंग सेना के पद अधिकारियों और उनके दादा अनोखी लाल, ताऊ मनोहर सिंह व्यापारी और समस्त ग्राम वासी, उनके परिवार जन ने बधाई दी। बजरंग सेना ने उन्हें सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## भाजपा प्रत्याशी का नामांकन भरवाने पहुंचे सीएम यादव, शिवराज, वीडी सहित तीन मंत्रीगण

# 'मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कुछ भी नहीं किया, अब सांसद बनकर क्या करेंगे'





### सभा में 2 मिनट बोलकर लौटे सीएम, शिवराज ने मंच से बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकसभा चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के चैथे दिवस सोमवार को सप्तमी के शुभ-मुहुर्त में भाजपा प्रत्याषी रोड़मल नागर ने अपना नाम-निर्देषन पत्र दाखिल किया।

श्री रोड़मल का नामांकन फार्म भरवाने सूबे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान, सहाकारिता मंत्री विष्वास सारंगपुर, पार्टी प्रदेषाध्यक्ष वी.डी. शर्मा सहित प्रदेष चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह भी राजगढ़ पहुंचे। हेलीपेड से उतरकर मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथिगण सीधे कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां पार्टी प्रत्याषी रोड़मल नागर, मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, तकनीकी षिक्षा कौषल राज्यमंत्री गौतम टेटवाल पूर्व से ही कलेक्टोरेट में सीएम व अन्य अतिथियों का इंतेजार कर रहे थे। कलेक्टोट की 100 मीटर की परिधि में सभी वाहन प्रतिबंधित हैं। ऐसे में सीएम सहित सभी मंत्रीगणों को कलेक्टोरेट के मेन चैनल से रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष तक पैदल पहुंचना पड़ा। यहां आरओ कक्ष में पांच लोगों का प्रवेष निर्धारित होने के चलते कक्ष में सिर्फ प्रत्याषी नागर, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री षिवराज, वीडी शर्मा एवं राज्यमंत्री पंवार ही प्रवेष कर पाए। बाकी नेतागणों को कक्ष के बाहर ही रोक लिया गया।

#### सभा में कुछ समय बोलकर रवाना हो गए सीएम

नामांकन फार्म दाखिल करने के उपरान्त सभी नेतागण मंगल भवन स्थित सभा स्थल पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री व सभी अतिथियों को 51 किलो का हार पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया गया। सीधे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहले माईक सम्हाला और उन्होंने पार्टी प्रत्याषी श्री नागर को वोट देने की अपील सभा में उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों से की। सीएम को बीच सभा से जाना पड़ा क्योंकि उन्हें ग्वालियर के बाद सीधे उत्तर-प्रदेष के मैनपुरी जाना था। उनके प्रस्थान प्रष्चात भाजपा प्रदेषाध्यक्ष ने मंच से कहा कि राजगढ़ सीट का चुनाव थोड़ा अलग है। यहां हिन्दुत्व का मजाक उड़ाने वालों से हमारा पाला पड़ा है। उन्होंने कहा कि राजगढ़ में एक ऐसा व्यक्ति भी है जिसे राम मंदिर बना तो पेट में दर्द हुआ था।

#### शिवराज मंच पर आए तो तालियों से गूंज उठा सभास्थल

मंच पर शिवराज के माईक लेने पर ही पूरा सभास्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सीएम के जाने से सभी षिवराज को सुनने के उत्सुक नजर आ रहे थे। अपने उद्धबोधन में उन्होंने कहकहे के अंदाज में कहा कि बहुत दिनों से आपकी याद आ रही थी इसलिए 'तुमने पुकारा और हम चले आए।' आगे उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस प्रत्याषी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि जिन्होंने 10 साल प्रदेष का मुख्यमंत्री रहते हुए राजगढ़ जिले के लिए कुछ भी नहीं किया वे अब सांसद बनकर क्या कर देंगे।

**खास बातें**

- परेड ग्राउण्ड पर बने हेलीपेड से सीधे कलेक्टोरेट पहुंचे मंत्रीगण।
- सीएम व सभी मंत्रियों को भी 100 मी. की दूरी पर रोका।
- मंच पर सिर्फ 2 मिनिट ही बोले सीएम।
- विधायक अमरसिंह ने सम्हाली व्यवस्था।
- चाक-चैबंद रही सुरक्षा व्यवस्था।

#### आखिर दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ को दिया क्या है

पूर्व सीएम शिवराज ने आगे कहा कि राजगढ़ का मोहनपुरा बांध देखकर मेरी आत्मा हरी हो जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह क्या कभी आप किसानों सिंचाई के लिए पानी दिया। क्या उन्होंने सड़के बनवाइं, क्या उन्होंने आपके लिए नहरें बनवाईं। क्या उन्होंने बेटियों को लेपटॉप दिया। क्या उन्होंने आप किसानों को सम्मान निधि देने का सोचा।

### संयुक्त रूप से मनाई डॉ. अंबेडकर व ज्योतिबा फुले जयंती

**राधौगढ़।** नगर में संयुक्त रूप में नारी शिक्षा के जनक,समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम अंबेडकर भवन वार्ड नंबर 9 से मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा का प्रारंभ किया गया, जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई महात्मा ज्योतिबा फुले स्थल गणेश मंदिर माली सैनी समाज पर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,हिंदू संगठन गोलू गुर्जर श्याम ओझा सहित पूरी टीम,डॉ धर्मवीर सोलंकी समाजसेवी, ताहिर खान सदर एवं समस्त अंजुमन कमेटी मुस्लिम समाज राघौगढ़ आदि के द्वारा झांकी का स्वागत किया गया।

### मलावर थानाक्षेत्र के ग्राम पगारी का मामला

## पति ने दूसरी महिला को रखा पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के मलावर थाना क्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम पगारी में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के अलावा भी दूसरी महिला को घर रखकर पत्नी जैसा दर्जा दे दिया। जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो पति व ससुराल वालों ने उसे काफी परेशान करते हुए प्रताड़ित किया। पत्नी ने थाने पहुंचकर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाबाई पवन दांगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई के उसके पति पवन ने दूसरी महिला को रख लिया। उस दूसरी महिला को भी पत्नी जैसा दर्जा दे रखा है। जब उसने विरोध किया तो न केवल पति बल्कि ससुर रामचरण, सास कौषल्याबाई व राधा पत्नी महेष निवासी मोतीपुरा लगातार उसे परेषान और प्रताड़ति कर रहे हैं। षिकायत पर मलावर पुलिस ने पवन दांगी, रामचरण दांगी, कौषल्याबाई व राधाबाई पर धारा 498-ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

#### घर से 5 क्विंटल गेहूं हुआ चोरी

कोतवाली थाना के बरखेड़ा गांव निवासी जगन्नाथ वर्मा के घर पर चोरों ने वारदात को अंजाम दे डाला। चोर यहां से 5 क्विंटल गेहूं, एक गैस सिलेन्डर, गैस चूल्हा, कपड़े बर्तन सहित करीब 18 हजार का माल चुरा ले गए। फरियादी जगन्नाथ की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## निर्वाचनः 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता

### विजेताओं को मिलेगा 51, 21 व 11 हजार का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

निवार्चन आयोग द्वारा लोकसभा निवार्चन में मतदान का प्रतिषत बेहतर हो इसके लिए मतदाता जागरुकता अभियान के तहत राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमषः 51, 21 एवं 11 हजार का पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विषेष पुरस्कार मिलेगा।प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति गठित की गई है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि एमपी.माय.जीओवी.पद पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता संबंधित जानकारी आयोग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। स्लोगन भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रेल निर्धारित है।

#### प्रतियोगिता के नियम व शर्तें

प्रतिभागीय मप्र का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी एक एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों मेंमान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिन्दी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि मं किसी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द न हो। प्रतिभागी प्रविष्टि केसाथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी भी जरूर लिखें। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

## माता-पिता और संत को प्रणाम करते हुए मन को प्रभु में लगाओः हरिओम महाराज




**सारंगपुर।** मन पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। जो मन पर नियंत्रण नहीं रखता है, वो शत्रु की तरह व्यवहार रखता है, लेकिन जो इन्द्रियों को वश में कर लेता है, वो संसार को जीत लेता है।इन्द्रियों का राजा मन है। अपने माता पिता और संत को प्रणाम करते हुए मन को प्रभु मे लगाओ। उक्त कथन स्थानीय श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी मे रविवार शाम को श्रीमद भागवत कथा का वाचन करते हुए भागवत कथा आचार्य हरिओम महाराज ने कथा के चैथे दिन कहे। उन्होंने आगे कहा कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने मन मे स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। भागवत कथा के चलते भागवताचार्य ने श्रीकृष्ण जन्म, कपिल मुनि, नृसिंह अवतार, वामन अवतार सहित कई प्रसंग सुनाये। वही कथा में कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे आनंद और हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से मनाया गया। कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। भगवान कृष्ण जन्मोत्सव में नन्हें बालक ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी ने कृष्ण जन्म का आनंद लिया। साथ ही भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।

## महिला मंडल भंवरगंज ने धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व

### गणगौर मां को शोभा यात्रा निकाल कर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर की कॉलोनी भंवरगंज में मातृशक्ति द्वारा बहुत ही धूमधाम से गणगौर पर्व का आयोजन किया गया सभी महिलाओं द्वारा लाल रंग की चुनरी में गणगौर मां को शुभ मंगल भावभीनी विदाई शोभा यात्रा के साथ दी गई श्रद्धापूर्वक मातृशक्ति ने भोलेनाथ मां पार्वती जी का स्मरण करते हुए गौरी मां गणगौर का पूजन किया और नाचते हुए गाते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की अपने परिवार की सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए आशीर्वाद मांगा भंवरगंज से शोभायात्रा मां काली के मंदिर होते हुए बाजार से निकलकर इंदौर नाका स्थित शिवालय तक गई जहां पर मां गोरा और भोलेनाथकी पुनः पूजन अर्चन के द्वारा विदाई की गई पुनः अगले वर्ष धूमधाम के साथ आगमन हेतु प्रार्थना भी की गई हंसते-हंसते नाचते गाते सभी मातृशक्ति में अपने गणगौर त्यौहार का समापन किया मातृशक्ति के रूप में राम सखी शर्मा सोना अवस्थी मोना अवस्थी रजनी शर्मा ,नीतू शर्मा, मीरा वर्मा,अंजू शर्मा ,मीरा शर्मा सभी मातृशक्ति भावारगंज की उपस्थिति रही



#### मेडतवाल समाज की महिलाओं ने गणगौर जुलूस धूमधाम से निकाला

*जीरापुर मेडतवाल समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाएं गोवर्धन नाथ जी की हवेली पर एकत्रित हुई। जहां से गणगौर का जुलूस शुरू हुआ जिसमें शिव पार्वती की आकर्षक झांकी रथ में सजाकर जुलूस के साथ चल रही थी।शाहजी मोहल्ला स्थित गोर्वधन नाथ जी कि हवेली से शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जो गुर्जर मोहल्ला, बृजवासी मौहल्ला किशनगढ़ मोहल्ला होते हुए समाज कि धर्मशाला में पहुंची।जुलूस में महिलाएं चुनरी एक जैसी पोशाक धारण करके मंगलगान एवं नृत्य करते हुए चल रही थी। महिलाओं द्वारा सामूहिक पुजा अर्चना की जिसमें सुख समृद्धि की कामना करते हुए मंगलगीत गाये। महिला मण्डल अध्यक्ष कुसुम टांक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।*

## गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन



**सारंगपुर ।** कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा स्थानीय पूर्णेश्वर महादेव मंदिर बड़ी होली पर गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विश्वगीताप्रतिष्ठानम् उज्जयिनी द्वारा संचालित गीता स्वाध्याय के अंतर्गत संचालित कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा घर-घर गीता का प्रचार हो गीत का गायन किया ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम यजमान आनंद कुमार उपाध्याय द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया । तत्पश्चात विश्व गीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय पत्रक का गायन कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के वरिष्ठ संस्कृताचार्य श्याम कारपेंटर,आनंद मोहन व्यास, आनंद कुमार उपाध्याय, नवीन श्रीवास्तव, अखिलेश उपाध्याय, जानकी माहेश्वरी, सिंधु लौंढे, मंगला वैद्य, छाया जोशी, सीमा जोशी, रीना उपाध्याय, नीरज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ निर्मला उपाध्याय (नीमच )के करकमलों द्वारा श्रीमद्भागवत गीताजी की आरती उतारी गई। आगामी गीता स्वाध्याय कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा राधा कृष्ण मंदिर राठौर समाज पर किया जाएगा

### आरजेडी बोले- नहीं मिला कोई प्रतिवेदन

## जांच रिपोर्ट ले जा रहा हूं, अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपूंगा

**ब्यावरा।** वर्षो से जिला अस्पताल में चली आ रही प्रसूताओं एवं नवजात की समस्या पर अभी विराम लगना तय नहीं माना जाना चाहिए। सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंच रीजनल ज्वाइंट डायरेक्टर स्वास्थ्य दिनेश कौशल से जब संबंधित डॉक्टर के प्रतिवेदन के बारे में पूछा गया तो उन्हाने साफ शब्दों में इंकार कर दिया। साथ ही उन्होने कहा कि मैने अपनी जांच कर ली है और अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि प्रसूता की मौत एवं वर्षो से अपनी मनमानी पर उतारू डॉ आकांक्षा एवं डॉ पूजा पैसे लेने के आरोपों से अपने आप को बचाती आ रही है और कई बार पैसे न मिलने पर प्रसूता व नवजात की जान पर बन काती है ऐसा ही एक मामला विगत बुधवार जिला अस्पताल में देखने को मिला था।

#### परशुराम जयंती को लेकर मंदिर में हुई बैठक

**विदिशा।** परशुराम जयंती पर 24 वर्षों से निकाली जा रही शोभायात्रा को लेकर ब्राह्मण महापंचायत एवं परशुराम सेवा दल की बैठक कार्तिक चौक स्थित चौबे जी के मंदिर पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए शोभायात्रा का संयोजक पंडित मोनू दुबे एवं सहसंयोजक पंडित आशु राजपुरोहित एवं प्रियेश शर्मा को बनाया गया। मोनू दुबे ने युवा ब्राह्मणों को मर्यादित रहकर धर्म की रक्षा करने प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता पंडित ओपी चतुर्वेदी ने की।

## लोकतंत्र को मजबूत करने शत प्रतिशत हो मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

लोकतंत्र को मजबूत किए जाने लोकसभा चुनाव मैं शत प्रतिशत मतदान हेतु नगर एवं आसपास के लोगों को निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया जो हमारा मौलिक अधिकार है वोट के माध्यम से ही लोकतंत्र को मजबूत किया जाता है नगर परिषद छापीहेड़ा द्वारा जो मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र मजबूत किया जाना है नगर मैं मेहंदी प्रतियोगिता के अंतर्गत महिलाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने हाथों पर मेहंदी से मतदान जागरूकता के नारे एवं स्लोगन लिखकर नगर वासियों को शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं इसके पश्चात नगर पंचायत कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गई इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा नगर परिषद कर्मचारी जमील मंसूरी भैरू सिंह मालवीय एवं महिला बाल विकास अंतर्गत आने वाली नगर की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारा तोमर छाया शर्मा रुखसाना कविता पटेल दीपा चौरसिया अर्चना नामदेव रेखा नगर प्रेमलता मरुठिया आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।



## तीन करोड़ की लागत से बने मंडी रोड के फुटपाथ पर रेत व्यापारियों ने किया कब्जा

### नगरीय प्रशासन की अनदेखी से आम जन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर का मुख्य मार्ग मंडी रोड़ करीब 3 करोड़ रुपए की लागत की सड़क नाली सहित रोड के दोनो ओर सुंदरता का प्रतीक दिखे इस कारण नगर परिषद द्वारा पेवर्स लगा कर फुटपाथ बनाया गया।

जिससे नगर के नागरिक सुरक्षित फुटपाथ पर पैदल निकल सके। लेकिन फुटपाथ पर रेत तार सीमेंट टाइल्स आदि पटक कर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे निकल वाले नागरिक फुटपाथ की जगह संकीर्ण सड़क से निकलते है। हादसे का डर बना रहता है। वही फुटपाथ पर रेत माफियो ने कब्जा जमा लिया है। नगर का मंडी रोड पर सुबह के समय बुजुर्ग सहित बच्चे महिलाये आदि घूमने-फिरने निकलती हैं वे फुटपाथ पर रेत पड़ी होने के कारण निकलना मुश्किल होने से सड़क पर उतर कर निकलते वही मंडी रोड पर तेज रफ्तार से गाडियां निकलती है रोड पर चलने वाले राहगीरो को दुर्घटना का डर बना रहता है । गर्मी के समय में बालू रेत के ढेर फुटपाथ सहित रोड पर पड़े होने के कारण इस मार्ग से निकलने वाले टू व्हीलर पैदल चलने वाले राहगीरों पर बालू रेत के कण आंखों में गिर जाते हैं जिससे एक दूसरे वाहन से टकराकर हादसा होने की संभावना बनी रहती है वही राहगीरों के आंखो में बालू रेत के कण गिरते है। इसी मार्ग से शासकीय कन्या विद्यालय, कालेज छात्रावास के बालक बालिका निकलने का मुख्य मार्ग है।

**निर्देश दिए हैं**

नगर परिषद को कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**अंकिता जैन,** एसडीएम खिलचीपुर


## रिमझिम फुहारों के बीच गरबा नृत्यों के साथ की गई मां की आराधना

### वैष्णों देवी माता मंदिर पर बंगाली थीम के साथ हुए शानदार गरबे



**ब्यावरा।** चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान नगर में पहली बार मां मंशापूर्ण वैष्णों देवी माता मंदिर पर खालसा डांस एकेडमी के तत्वाधान में कलाकारों द्वारा गरबा नृत्यों के जरिए मां की उपासना की गई। देर रात तक चले गरबा नृत्यों में बाल कलाकारों के साथ बंगाली थीम पर हुए गरबों में युवतियों की शानदार प्रस्तुति ने रिमझिम फुहारों के बीच श्रद्धालु भक्तों को देर रात तक रोके रखा। नगर में पहली बार हुए गरबा आयोजन में बड़ी तादात में नगर के गणमान्य नागरिकों को सहित श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। शनिवार से आयोजित हो रहे 3 दिवसीय गरबा महोत्सव के दौरान शनिवार को बंगाली थीम पर गरबा नृत्यों के शानदार आयोजन हुए। वही रविवार को पंजाबी एवं गुजराती थीम पर कलाकारों गरबा नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान गरबा नृत्यों के जरिए मां की आराधना में देर रात तक सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बनाते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मां मंशापूर्ण वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट समिति सदस्यों ने गरबा कलाकारों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया।

## गायत्री शक्ति पीठ पर विभिन्न आयोजन



**जीरापुर।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर चेत्रिय नवरात्रि पर प्रतिदिन भिन्न-भिन्न आयोजन चल रहे। इसी तारतम्य में 16 अप्रैल 24 को सायंकाल 5 बजे विशेष द्वीप यज्ञ का आयोजन रहेगा, तथा 17 अप्रैल 2024 को प्रातः 7बजकर30 बजे नव कुंडीय गायत्री यज्ञ एवं गायत्री माता के विभिन्न अनुष्ठान होंगे। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में वैसे तो बारह मास नैतिक एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान का रचनात्मक अभियान संचालित होता आ रहा है। जिसमें प्रतिदिन अनेकों कार्यक्रम होते हैं। वहीं सामूहिक आरती , व्यक्तिगत मंत्र जाप ,गायत्री यज्ञ ,गायत्री जाप इत्यादि।

## भोपाल राइडिंग क्लब का एक दिनी चंदेरी प्रवास, नगर की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोया

**चंदेरी।** भोपाल राइडिंग क्लब के तीन बाइक राइडर इन दिनों मध्य प्रदेश की खूबसूरत जगहों में से एक ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी चंदेरी में एक दिन के प्रवास पर आए, और ऐतिहासिक नगरी चंदेरी की पुरातात्विक धरोहरों को कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर लगातार प्रमोट कर रहे हैं। यात्रा प्रमुख जितेन्द्र बोढ़के ने बताया कि उनके साथ नवीन कपूर व रोहित कुमार भी साथ में बाइक राइडिंग कर रहे हैं। पूर्व में हमारे द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका सहित कई जगहों पर भ्रमण किया गया है, परंतु भारत में जो कल्चर है, खूबसूरती है वह कहीं नहीं है, एक अलग ही एहसास होता है अपने देश में।साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि हमारा उद्देश्य सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों को ज्यादा से ज्यादा प्रमोट करना है। भोपाल बाइक राइडिंग ग्रुप में 110 मेंबर है। हमारे द्वारा भीमकुंड की राइट भी आगामी समय में की जाएगी साथी बाइक राइडिंग ग्रुप द्वारा मध्य प्रदेश टूरिज्म के प्रयासों की तारीफ की गई। इसी दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे ग्रुप द्वारा असहाय गरीब लोगों की सहायता की जाती है, समय-समय पर जरूरतमंदों को रक्तदान किया जाता है।

